प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 12.11.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

****

दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए विस्फोट बाद रांची एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा जांच तेज कर दी गयी है। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट को अलर्ट पर रखा गया है साथ ही रांची और हटिया स्टेशन आने जाने वाले यात्रियों की बारीकी से जांच की जा रही है। इधर लोहरदगा रेलवे स्टेशन पर भी आरपीएफ ने सघन जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान अल्ट्रा वेहिकल स्कैनिंग सिस्टम से वाहनों और यात्रियों के सामान की जांच की गई, जिसमें कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। आरपीएफ ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा और स्टेशन परिसर की सतर्कता सुनिश्चित करने के लिए निरंतर निगरानी जारी रहेगी।

****

राज्य स्थापना की रजत जयंती पर आज राज्यव्यापी रक्तदान अभियान की शुरुआत हुई। रांची के प्रोजेक्ट भवन में अधिकारियों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर अभियान का शुभारंभ किया। राज्य के अन्य जिलों में भी रक्तदान शिविर आयोजित किये गये। हजारीबाग में जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने रक्तदान शिविर का संयुक्त आयोजन किया। इस अवसर पर उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने स्वयं रक्तदान कर समाज के प्रति प्रेरक संदेश दिया और लोगों से नियमित रक्तदान की अपील की।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में अब से कुछ देर मे राज्य कैबिनेट की बैठक होगी। यह बैठक रांची के प्रोजेक्ट भवन में बुलाई गयी है । इस बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़े कई प्रस्तावों को मंजूरी मिल सकती है।

****

सरायकेला–खरसावां के आदित्यपुर रेलवे यार्ड में आज सुबह एक बड़ा हादसा टल गया जब नियंत्रण खो चुकी मालगाड़ी यार्ड की दीवार तोड़ते हुए दूसरी खड़ी मालगाड़ी से जा टकराई। सभी मजदूर समय रहते सुरक्षित निकल गए। रेलवे प्रशासन ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं।

****

वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज नई दिल्ली में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के हितधारकों के साथ तीसरे बजट–पूर्व परामर्श की अध्यक्षता की। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि यह बैठक आगामी केंद्रीय बजट के संबंध में आयोजित की गई थी। मंत्रालय ने बताया कि बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी भी शामिल हुए।

****

प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना पाकुड जिले के मछुवारों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ–साथ उनके जीवन स्तर में बदलाव लाने का काम कर रहा है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

****

साहिबगंज में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के माई भारत अभियान के तहत विकसित भारत पदयात्रा और विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव, एकता और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित करना है। मौके पर उप विकास आयुक्त सतीश चंद्र ने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करेगा और समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में अहम भूमिका निभाएगा।

****

राज्य के कई हिस्से शीतलहर की चपेट में आ गये हैं। इस कारण ठंड और कनकनी बढ़ गयी है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के पश्चिमी भाग में शीतलहर से अगले दो दिनों तक राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग ने बताया कि गुमला, लोहरदगा और खूंटी में तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के नीचे पहुंच गया है। रांची और आसपास के क्षेत्रों में भी ठंड की स्थिति बनी हुई है। पिछले 24 घंटे में रांची का न्यूनतम तापमान करीब ढाई डिग्री तक लुढ़क गया है।

**********समाप्त***************